हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

9 पौधे पर्यावरण संरक्षण व पृथ्वी पर जीवन के...



10 स्विचिंग फाल्ट से 3 घंटे ठप रही शहर की बिजली...




AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
Approved by : AICTE & PCI, New Delhi
पॉलिटेक्निक करें नौकरी पाएं
B.PHARM (4 YEARS) D.PHARM (2 YEARS) 2 YEARS COURSE
ADMISSION OPEN
For Session 2026-27
Eligibility : 10+2 Pass (Medical & Non-Medical) सीटें सीमित
पता : AIT Pharmacy College गाहड़ा रोड, कनीना Mob. : 9992696300, 9466464921

**पुलिस का दावा :** मौके पर काबू कर अलवर के अस्पताल में करवाया भर्ती

# सरिस्का पहाड़ियों में निशानदेही के दौरान बब्बू ने पुलिस को दिया धक्का

आरोपित के पैर में बंधा पलास्टर, एक पिस्टल व लोहे की रॉड की बरामद

- बीते साल 17 दिसम्बर को नसीबपुर में विक्की डोहर पर किया था हमला 9 पहले हो चुके गिरफ्तार
- मुख्य आरोपित बब्बू खायरा पर पुलिस ने रखा हुआ था 5 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहरी नसीबपुर में बीते साल 17 दिसम्बर की शाम कुछ लोगों ने डोहर वासी विक्की पर हमला किया था। वारदात के पांच दिन बाद ही नौ आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बाद में चार और आरोपित गिरफ्तार किए गए। इसी मामले में सीआईए महेंद्रगढ़ ने मुख्य आरोपित बब्बू वासी खायरा को गिरफ्तार किया है।

इस बदमाश पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाक घोषित किया हुआ था। पुलिस का दावा है कि आरोपित बब्बू खायरा को 14 जुलाई को काठुवास टोल प्लाजा क्षेत्र में दबोचा था। अगले दिन माननीय न्यायालय में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। रिमांड अवधि में आरोपित की निशानदेही पर बरामदगी के लिए उसे राजस्थान के सरिस्का क्षेत्र की पहाड़ियों में ले जाया गया।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित बब्बू खायरा।

पुलिस प्रवक्ता नरेश यादव के मुताबिक जहां आरोपित ने पुलिस कर्मियों को धक्का देकर भागने का प्रयास किया। इस दौरान पत्थर पर पैर फिसलने से उसके पैर में चोट लग गई। पुलिस टीम ने तत्परता से आरोपित को पुनः काबू कर लिया। उपचार के लिए सरकारी अस्पताल, विराटनगर (अलवर) ले जाया गया। आरोपित की निशानदेही पर एक पिस्टल व एक लोहे की रॉड बरामद की गई।

### वारदात के 5 दिन बाद 9 की हुई थी गिरफ्तारी

वारदात के 5 दिन बाद 9 की हुई थी गिरफ्तारी उस वक्त उपपुलिस अधीक्षक भारत भूषण ने 22 दिसम्बर को प्रेस वार्ता कर बताया था कि एसपी ने सीआई को जांच सौंपी थी। वारदात में संलिप्त गिरफ्त में आए नौ आरोपितों में से अधिकांश का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। गिरफ्तार आरोपितों में महेश वासी बाछोद शामिल है। जिस पर पहले से ही हत्या व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा अजय वासी सिहोर पर हत्या, अपहरण और दंगे भड़काने के कई मामले हैं। पुलिस ने इनके साथ निखिल वासी मोहल्ला रावका, प्रवीन वासी खुड़ाना, कुलदीप वासी सिहोर, रक्षक वासी सिहोर को भी गिरफ्तार किया है। जिन पर लूट, मारपीट व अन्य मामले दर्ज हैं। सीआईए ने संदीप वासी बव्वा रेवाड़ी, सचिन वासी सिहोर व नरेश वासी खुड़ाना को भी गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयोग किए गए डंडे, लोहे की पाइप नलकी, बोलेरो गाड़ी बरामद की थी।

### इस वारदात में शामिल होने का है दावा

गांव डोहर कलां वासी नरेंद्र यादव ने सिटी थाना के नाम दी शिकायत में बताया है कि 17 दिसम्बर 2025 की शाम करीब साढ़े छह बजे सूचना मिली, ताऊ के लड़के विक्रांत उर्फ विक्की के साथ झगड़ा व मारपीट हो रही है जोकि मौके पर पहुंचा तो वहां पर बब्बू खायरा, वाशू पोटिंग व महेश बाछौद जो अपराधी पर्वती के लड़के है। इनके साथ 14 व 15 अन्य आदमी थे, जिनके खिलाफ लूट, हत्या, फिरौती, हत्या का प्रयास के मुकदमें दर्ज है। इन लोगों ने अपना एक गिरोह बनाया हुआ है। जिसके चलते यह लोग जमीन पर कब्जा, पैसे लेकर मारपीट करना, पैसे लेकर मर्डर करना व करवाना जैसे संगठित अपराध करते है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि जब वहां पहुंचा तो यह लोग भाई विक्की को बुरी तरह लोहे की रॉड व डण्डे से मार रहे थे। बब्बू खायरा, वाशू पोटिंग खायरा व महेश बाछौद अपने साथियों के साथ संगठित होकर भाई विक्की की जान से मारने की नियत से चोटे मारी। चचेरे भाई की शिकायत पर सिटी पुलिस ने तीन नामजद बब्बू खायरा, वाशू पोटिंग खायरा व महेश बाछौद सहित 15 अन्य पर केस दर्ज किया था।

# कोरियावास मेडिकल कॉलेज तक बनेगी फोर-लेन सड़क

## सीएम ने दी 33.55 करोड़ रुपये की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के आग्रह पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने क्षेत्र को दी बड़ी सौगात

क्षेत्र की जनता की मांग और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के आग्रह पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र में स्थित महर्षि च्यवन राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं राव तुलाराम अस्पताल कोरियावास तक पहुंच को अब और आसान बना दिया है। हरियाणा सरकार के लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) विभाग ने नारनौल-रामबास रोड से कोरियावास मेडिकल कॉलेज तक चार किलोमीटर लंबी फोर-लेन सड़क के निर्माण के लिए 33.55 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी जारी कर दी है। नारनौल-रामबास रोड (किमी 0.00 से 4.00) से मेडिकल कॉलेज कोरियावास तक फोर-लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत स्वीकृत की गई है और इसके लिए लोक निर्माण विभाग (बी एंड आर) ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि कोरियावास मेडिकल कॉलेज क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना है और इस सड़क के निर्माण से मरीजों, मेडिकल छात्रों, चिकित्सकों तथा आम नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।



नारनौल। तैयारियों का जायजा लेते विधायक व उपायुक्त।

### मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का डिजिटल लोकार्पण आज

विकसित भारत के निर्माण और देश के हर कोने तक आधुनिक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने के संकल्प में शुक्रवार को जिला महेंद्रगढ़ भी अपनी ऐतिहासिक भागीदारी दर्ज कराने जा रहा है। दक्षिणी हरियाणा के नागरिकों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में 17 जुलाई को एक नया सवेरा होने जा रहा है, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल शहर के समीप स्थित महर्षि च्यवन राजकीय मेडिकल कॉलेज और राव तुलाराम अस्पताल कोरियावास का लोकार्पण करेंगे। जींद के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के निदेशक बृजेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव, जेपी सैनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

Genius Academy
3300+ Selections
जीनियस एकेडमी
115+ Selections
ग्रुप 'डी' भर्ती 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद अब तैयार हैं 2026 में
Courses OFFERED: SSC (CGL, CPO, CHSL) | AIR FORCE | NDA | HARYANA POLICE | HARYANA GROUP D
▲ Hostel Facility Available for Boys And Girls
▲ Separate Library For Boys and Girls
09416499025, 09466499025, 08397850777
नोट : इनमें से अधिकतर विद्यार्थी 'ग्रुप सी' में ज्वाइन कर चुके हैं।





मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद्द करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद्द पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।

# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!

गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।

बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'

बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?



तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली,'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।



बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका,'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुन।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'

मेंढकी मम्मी बोली,'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा



दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गून' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।

'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

**अनुवाद: सेतु अंताणी**



सभी इमेज एआई

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।

हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले



**टिंकू (रिंकू से):** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू:** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू:** क्यों?
**रिंकू:** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**- संगीता, बिलासपुर**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**- उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
**- कविता, दुर्ग**

## जीके क्विज-214

1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



**बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए

**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

# बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल





बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशन:** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदे:** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिका:** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरी:** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है।




सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *

**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिका**: डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य**: 135 रुपए, **प्रकाशक**: द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)

## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





अगमजोत, कोंडागांव



आशुतोष, उमरिया



ईशानी, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



प्रत्यूष, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा



याचना, गरियाबंद

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**

### 22 को सिहमा में दाल-बाटी चूरमे का भंडारा

**मंडी अटेली।** खंड सिंहमा स्थित जाहरवीर गोगा जी मंदिर में 11वें विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भगत संदीप यादव ने बताया कि 21 जुलाई की रात्रि नौ बजे बाबा का भव्य जागरण आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई को हवन यज्ञ के उपरांत दाल-बाटी चूरमे का विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### राहुल गांधी के प्रोग्राम पर रोक लगाना लोकतंत्र की हत्याः अनिल डागर

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव अनिल डागर ने बताया कि नेता प्रति पक्ष राहुल गांधी द्वारा छात्रों के हित में उठाई जा रही आवाज, छात्रों की गूंज, प्रस्तावित 17 जुलाई देहरादून परेड ग्राउंड की अनुमति नहीं देना लोकतंत्र की हत्या है। बीजेपी सरकार राहुल गांधी को मिल रहा जन समर्थन से डर गई है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार छात्रों और युवाओं के सवालों से बच रही है।

### आचार्य दलवीरानंद को राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित

**नारनौल।** संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य दलवीरानंद को गांव धनौंदा में राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रजा भलाई संगठन की ओर से आयोजित समारोह में संगठन सुप्रीमो नेताजी अतरलाल ने आचार्य दलवीरानंद को साफा व शॉल ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति पत्र व पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए नेताजी अतरलाल ने कहा कि संत महात्मा मानवता की सेवा के लिए इस धरा पर आते हैं। खुद दुख, तकलीफ सहकर समाज की सुख, शांति के लिए कार्य करते हैं।

## नायन स्कूल में पौधरोपण, दूल्हे की भी रही भागीदारी

# पौधे पर्यावरण संरक्षण व पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यकः प्रदीप

बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पौधरोपण सबसे सरल और प्रभावी उपाय है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक नायन में वन महोत्सव के तहत वीरवार पौधरोपण किया गया। जिसमें ईको क्लब इंचार्ज प्रदीप यादव के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों व बच्चों ने अनेक प्रकार के पौधे लगाएं। खेल मैदान में पौधे लगाते देख राह में जा रहे दूल्हे से भी नहीं रूका गया। दूल्हा वहां पहुंचा और पौधरोपण किया।

बता दें कि दूल्हा पटवारी बंजारा निवासी सिरसा का रिशता गांव नायन में रह रहे बंजारा परिवार से हुआ है। यहां दूल्हा और उसके साथ कई गाड़ियां चल रही थी। ईको क्लब इंचार्ज प्रदीप यादव के मुताबिक दूल्हे ने जब बच्चों की ओर से पौधरोपण करते हुए देखा तो रहा नहीं गया। वह गाड़ी से उतरा और खुद भी बच्चों के साथ पौधे लगाने लगा। जब बातचीत की तो दूल्हे ने बताया कि वह खुद पौधरोपण करता है। पर्यावरण को बेहतर बनाने में हम सबको अपना सहयोग किसी ना किसी रूप में जरूर करना चाहिए। उन्होंने स्कूल प्रशासन से वायदा किया कि जब भी वह यहां आएगा, पत्नी संजू बंजारण सहित खुद की ओर से लगाए गए पौधे को संवारेगा और पानी डालकर जाएंगा। इस दौरान प्रदीप यादव ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है।

पेड़ हमें प्राणवायु देते है। जहरीली कार्बन डाईऑक्साइड को सोखकर हवा को शुद्ध करते है। बारिशत लाते हैं। मिट्टी का कटाव रोकते है और तापमान को नियंत्रित रखते है। लाखों वन्यजीवों, पक्षियों और कीट पतंगों का घर जंगल होते है। पौधरोपण से जैव विविधता बनी रहती है। पेड़ों से हमें फल, मेवे, जड़ी बूटियां और लकड़ी जैसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन प्राप्त होते है।

बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पौधरोपण सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। कार्यवाहक प्राचार्या नीतू यादव ने पौधों में पानी व खाद डालकर रखरखाव करने का संदेश दिया। इस मौके पर ईश्वर सिंह, राम गोपाल, जगदीश प्रसाद, अनूप, रीना, बलवंत, सीमा, नरेंद्र, अमित, सुनीता व रमेश मौजूद रहे।




नारनौल। पौधरोपण करते विद्यार्थी व पौधे में पानी डालता दूल्हा। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने किया पौधारोपण

**नारनौल।** पुलिस की ओर से जिले के सभी थाना, चौकी व पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, हरित आवरण बढ़ाना तथा आमजन को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है। पुलिस अधीक्षक दीपक के निर्देशानुसार जिले के सभी थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत प्रत्येक थाना क्षेत्र में 25 पौधे व प्रत्येक चौकी क्षेत्र में 15 पौधे लगाए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन परिसर में भी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



नारनौल। पौधरोपण करते पुलिसकर्मी।



नारनौल। पौधरोपण करते सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार। फोटो : हरिभूमि

### पेड़-पौधे हमारे जीवन का मुख्य आधारः डॉ. अशोक

**नारनौल।** पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ जिला क्षय रोग केंद्र में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने स्वयं अपने हाथों से औषधीय व छायादार पौधे रोपकर इस अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं। टीबी जैसी सांस और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों से बचाव तथा मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ हवा बेहद जरूरी है, जो हमें केवल घने और स्वस्थ वृक्षों से ही मिल सकती है। उन्होंने सभी से न केवल पौधे लगाने, बल्कि उनकी सही ढंग से देखभाल कर उन्हें जीवित रखने का भी आह्वान किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. नवीन कुमार, डॉ. हर्ष चौहान व डॉ. योगेश यादव ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर डीपीएम संदीप यादव, फार्मेसी अधिकारी विकास ग्रोवर, डीपीसी भूपेन्द्र सैनी, सहायक मीना, डीपीएस रविन्द्र यादव, चिरंजी लाल, दीपक प्रकाश, ईश्वर सिंह आदि मौजूद थे।



सतनाली मंडी। कॉलेज में पौधरोपण करते प्राचार्य व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय कॉलेज चलाया पौधरोपण अभियान

**सतनाली मंडी।** सरकार एवं उपायुक्त के निर्देशानुसार राज्यव्यापी मानसून पौधरोपण अभियान के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतनाली में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुधीर लांबा ने कहा कि पेड़ प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए, तभी पौधारोपण अभियान सार्थक होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आशीष व डॉ. विपिन ने कार्यक्रम प्रभारी के रूप में किया। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, जरनैल सिंह, डॉ. रेखा शेखावत, डॉ. नीलम, डॉ. श्रीभगवान, श्वेता, अजीत सिंह, कुलदीप उपाध्याय, प्रदीप सांगवान आदि उपस्थित रहे।

### चितलांग में चलाया पौधरोपण अभियान

**महेंद्रगढ़।** उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विक्रांत एसडीजेएम के तत्वाधान में 16 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव चितलांग में विधिक सेवक विजय सिंह ने पौधा रोपण अभियान के तहत 10 पौधे लगाए। उन्होंने बताया कि हर आदमी अपने घर, खेत और श्यामलात भूमि में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने का कार्य करें। पौधों का मनुष्य के जीवन में बहुत महत्व है पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं और सांस लेने में फायदा करते हैं। इस मौके पर नरेश पहलवान, कृष्णा देवी, सुनीता देवी, अर्जुन सिंह, पंकज सिंह, प्रद्युम्न सिंह, कुंदन सिंह, रविंद्र सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

### पॉलिटेक्निक में किया पौधरोपण



**नारनौल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 5 जून से 5 अगस्त तक पूरे प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष पौधरोपण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बाबा खेतानाथ राजकीय पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल यादव ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रधानाचार्य अनिल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा घटते वन क्षेत्र जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना आवश्यक है।

### आईटीआई में किया पौधरोपण



**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बढ़ते हुए प्रदूषण को नियंत्रित करने व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षणार्थियों व कर्मचारियों ने मिलकर सुनील कोसलिया की देखरेख में फलदार पौधे लगाए। सुनील कुमार कोसलिया ने पौधरोपण की शुरुआत करते हुए उपस्थित लोगों को पेड़ों के महत्व पर जागरूक किया। उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। संस्था के एनसीसी प्रभारी व युवा मामलों के नोडल अधिकारी मेजर वीरेंद्र कुमार सेकवाल ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी उचित देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक सत्यनारायण जांगड़ा, वर्ग अनुदेशक जगदीश, गुरदयाल, राजेश, अमित, सुदर्शन, मनीषा यादव, अनुदेशक रमेश, रवि सैनी, रीतू, पूनम, प्रीतम, कुलदीप सहायक, श्रीराम आदि मौजूद रहे।

### सीजेएम ने जांच अधिकारियों को दी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी

**नारनौल।** जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम कुमारी की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर के कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस व जांच अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला लगी। सीजेएम नीलम कुमारी ने पुलिस अधिकारियों को प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया से लेकर आरोपित की गिरफ्तारी तक अपनाई जाने वाली सभी कानूनी प्रक्रियाओं व नियमों की जानकारी दी। उन्होंने 'जीरो एफआईआर' की अवधारणा और इसकी उपयोगिता के बारे में बताया कि क्षेत्राधिकार की सीमा के बिना भी पीड़ित को तुरंत राहत व कानूनी सहायता पहुंचाना पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस व न्यायपालिका के बीच समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा किशोर न्याय एवं कानूनी प्रक्रियाओं से जुड़े संवेदनशील विषयों पर अधिकारियों को जागरूक करना है। उन्होंने 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों से अधिक से अधिक लंबित व शमनीय मामलों को आपसी सहमति से निपटाने के लिए आमजन को प्रेरित करने को कहा। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण सहित जिले के सभी थानों के प्रबंधक, जांच अधिकारी, जुवेनाइल वेलफेयर ऑफिसर उपस्थित रहे।

# सिंघानिया यूनिवर्सिटी में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



सिंघानिया यूनिवर्सिटी में राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड्स डवलपमेंट कॉर्पोरेशन की योजना के अंतर्गत सहयोग से आयोजित 10 दिवसीय ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन हुआ। तीन जुलाई से 14 जुलाई तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को रोजगारोन्मुख एवं तकनीकी विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के अनुभवी शिक्षकों एवं विशेषज्ञों द्वारा कॉर्पोरेट लॉ एवं उसका महत्व, डिजिटल साक्षरता एवं आईसीटी टूल्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उभरती तकनीकें, साइबर सुरक्षा एवं डेटा प्राइवेसी, वेब डेवलपमेंट, नेतृत्व कौशल एवं कार्यस्थल नैतिकता, व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल्स, उद्यमिता एवं स्टार्टअप के अवसर, शोध, नवाचार एवं बौद्धिक संपदा अधिकार, समावेशी शिक्षा, स्मार्टफोन से स्मार्ट सिटी, आईटी एवं वेब डेवलपमेंट में करियर के अवसर, तनाव प्रबंधन एवं कार्य-जीवन संतुलन, पर्यावरणीय स्थिरता एवं ग्रीन कंप्यूटिंग, समय प्रबंधन, उद्योग की अपेक्षा एवं कार्यस्थल की तैयारी, समूह चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण कौशल, करियर मार्गदर्शन तथा प्रायोगिक लैब सत्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्यों ने रिसोर्स पर्सन के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार (सेवानिवृत्त आईएएस) ने प्रतिभागियों से संवाद कर अपने अनुभव साझा किए तथा कौशल विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए।

**इन्होंने अहम भूमिका निभाई**

इस दौरान डॉ. सुनील दत्त चतुर्वेदी, डॉ. मुनीश ठाकुर, राखी राह, डॉ. प्रीति सेंगर, डॉ. राजपाल यादव, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सुनीता सारस्वत, डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ. आरती रानी प्रजापति, डॉ. शर्मिला यादव, आशुतोष आर्य, पीयूष तथा आशीष ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर प्रतिभागियों के ज्ञान एवं कौशल विकास में अहम भूमिका निभाई।



### एडीसी ने किया प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन

**नारनौल।** रावमावि कोरियावास में आयोजित अटल टिंकरिंग लैब प्रशिक्षण में अतिरिक्त उपायुक्त ने प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन किया। सरकारी विद्यालयों में विज्ञान एवं तकनीकी आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई पहल शुरू की है। जिले के 17 सरकारी विद्यालयों में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब के प्रभावी संचालन के लिए 15 जुलाई से चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर, जिला परियोजना समन्वयक दिलबाग सिंह, अटेली खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम यादव, जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविंद्र कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने कोरियावास स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों एवं प्रचार्यों के साथ डिजाइन थिंकिंग विषय पर अपना संबोधन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को केवल उत्तर याद करवाने के बजाय उनमें समस्याओं का समाधान खोजने और नवाचार करने की क्षमता विकसित करना आवश्यक है। इस मौके पर ट्रेनर ऋषभ कुमार, आर्यन व कुलदीप शर्मा, अजीत सिंह, करण सिंह, बिंदु, अनीता, धर्मसिंह महिपाल, बस्तीराम आदि उपस्थित थे।

# पीएम की विकास सौगातों से मिलेगी नई रफ्तार : आरती राव

- देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन प्रदेश के लिए गर्व का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 जुलाई का हरियाणा दौरा प्रदेश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पड़ाव साबित होगा। प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास से हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं, आधुनिक रेल नेटवर्क, सड़क अवसंरचना और अन्य आधारभूत ढांचे को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह केवल परियोजनाओं का शुभारंभ नहीं, बल्कि विकसित हरियाणा और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हरियाणा आधुनिक और हरित रेल परिवहन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने जा रहा है। जींद-सोनीपत रेलखंड पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। आरती सिंह राव ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने दौरे के दौरान भिवानी मेडिकल कॉलेज तथा महेंद्रगढ़ जिले के कोरियावास मेडिकल कॉलेज को भी प्रदेश की जनता को समर्पित करेंगे। इससे दक्षिण हरियाणा के लोगों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं, मेडिकल शिक्षा और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा विकास और नवाचार के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को वह कोरियावास से वर्चुअल माध्यम के जरिए प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़ेंगी और विकास परियोजनाओं के शुभारंभ की साक्षी बनेंगी।

### हकेंवि एनसीसी कैडेट्स ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स ने आरपीएस कॉलेज बालाना में 6 से 15 जुलाई तक आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-179) में खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक स्वर्ण एवं रजत पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने सभी विजेता कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समर्पण और टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। कुलपति ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय के कैडेट्स राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे। शिविर के दौरान रिचा एवं मुस्कान ने रस्साकशी में स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ उत्कृष्ट एंकरिंग के लिए ट्रैक सूट प्राप्त किए। निकिता ने फायरिंग तथा खो-खो में स्वर्ण पदक और समूह नृत्य में रजत पदक हासिल किया। सौम्या ने रोप स्किपिंग, नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताओं में तीन स्वर्ण पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बिबू अर्पिता ने गायन में रजत पदक तथा पारुल ने समूह नृत्य में रजत पदक प्राप्त किया। पूजा ने खो-खो तथा रिया और तनिषा ने रस्साकशी में स्वर्ण पदक जीते, जबकि खुशी ने रस्साकशी में रजत पदक हासिल किया।



महेंद्रगढ़। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. रमेश कुमार के साथ हकेंवि के एनसीसी कैडेट्स।

### जीनियस एकेडमी ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा में लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** हाल ही में घोषित आर्मी अग्निवीर लिखित भर्ती परीक्षा में जीनियस एकेडमी के 60 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। एकेडमी के डायरेक्टर अमित यादव ने भी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों ने कठोर मेहनत करते हुए यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत व लगन की बहुत आवश्यकता होती है। अगर हम दृढ़ संकल्प कर लें कि हमें अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें सफल होने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। कठोर परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प के दम पर जिन्दगी में हर एक मुकाम हासिल किया जा सकता है। संघर्ष के रास्ते पर चलकर ही हमें अपनी मंजिल प्राप्त होती है। जीवन में सफलता के लिए परिश्रम की नितान्त आवश्यकता होती है। एकेडमी चेयरपर्सन सोनिया यादव ने भी सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता है। हमें अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत करके उसको प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। एक दिन हमें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। इस अवसर पर दिलेर सिंह, देवेन्द्र, सतीश, दीपक, सोमवीर, प्रवीन, राधिका, सुरेन्द्र सहित समस्त स्टॉफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी।

**श्रद्धा** श्री हनुमान मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आगाज

# 101 महिलाओं की कलशयात्रा के साथ गूंजा अटेली



मंडी अटेली। कलश यात्रा निकालती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

- श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान भक्ति और वैराग्य की त्रिवेणी : महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

नगर के वार्ड नंबर दो स्थित रेलवे स्टेशन के पीछे श्री हनुमान मंदिर परिसर में वीरवार को भक्तिमय वातावरण के बीच सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आगाज हुआ। आयोजन का शुभारंभ 101 महिलाओं द्वारा निकाली गई विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को धर्ममय बना दिया। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं पारंपरिक और रंग-बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। उनके सिर पर कलश और मन में प्रभु की भक्ति का भाव साफ झलक रहा था। यात्रा वार्ड नंबर दो के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची, जहां पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र राधे-राधे और जय श्री कृष्णा के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथा के मुख्य वक्ता बरसाना धाम से पधारे संत भरत महाराज होंगे। महाराज ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान भक्ति और वैराग्य की त्रिवेणी है। यह कथा मनुष्य के जीवन से अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर उसे मोक्ष के मार्ग पर ले जाती है। आगामी दिनों में वे अपने मुखारविंद से संगीत में कथा के माध्यम से प्रभु लीलाओं का वर्णन करेंगे। इस पुनीत आयोजन के यजमान हिमांशु जांगिड़ ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कथा की शुरुआत की।

### अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं

इस मौके पर जनसेवा मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन बाछोदिया, पार्षद अशोक जांगिड़, पूर्व पार्षद बाबूलाल जांगिड़, सुनीता यादव, माया देवी, चंपा देवी और सरोज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा संयोजक ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं। कथा प्रतिदिन निर्धारित समय तीन बजे से लेकर सायं छह बजे तक आयोजित होगी। आयोजकों ने बताया कि कथा स्थल पर भक्तों के बैठने, पेयजल और प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रथम दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता का आभास करा दिया है। आगामी दिनों में कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा और रासलीला जैसे प्रसंगों पर कथा को और भी अधिक दिव्य बनाया जाएगा।

**सरपंच ग्राम पंचायत पाली**
**जिला महेन्द्रगढ़ (हरि.)**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पाली में कंडम स्वास्थ्य केन्द्र व एस.सी. चौपाल की बिल्डिंगों को तुड़वाया जाना है। उनके मलबे व सरिया आदि की नीलामी दिनांक 18.07.2026 को समय सुबह 10.00 बजे स्थान मेन बस स्टैंड पाली में की जाएगी। नीलामी की नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- देशराज सिंह, सरपंच
ग्राम पंचायत पाली, जिला महेन्द्रगढ़
(हरियाणा), मो. 9991373072

## खबर संक्षेप

### अटेली नपा चेयरमैन की सुनवाई एक दिन आगे बढ़ी

**मंडी अटेली।** अटेली नगर पालिका के चेयरमैन संजय गोयल को अयोग्य घोषित किए जाने का मामला अब जिला सत्र न्यायालय पहुंच गया है। इस मामले में आज 17 जुलाई को सुनवाई होगी। पहले यह सुनवाई 16 जुलाई को निर्धारित थी, लेकिन किसी कारणवश इसे एक दिन आगे बढ़ा दिया गया। गत सप्ताह इलेक्शन ट्रिब्यूनल ने संजय गोयल को अयोग्य करार दिया था। इसके बाद उन्होंने इस फैसले को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में अपील दायर की।

### अवैध देसी पिस्टल सहित आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने एक व्यक्ति को अवैध देसी पिस्टल, मैगजीन व एक जिंदा कारतूस सहित मांदी लाजिस्टिक हब रोड फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मनोज निवासी टहला थाना सदर को काबू किया। इस संबंध में थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### शिविर में 105 नागरिकों ने रखीं समस्याएं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने नागरिकों की शिकायतें सुनी। इस शिविर में कुल 105 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके उचित समाधान के लिए नगराधीश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक तय समय सीमा के भीतर ही नागरिकों की इन शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आजाद चौक पर 13 घंटे का धरना कल

**नारनौल।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले को लेकर चल रहे आंदोलन के समर्थन में आजाद चौक पर 18 जुलाई को 13 घंटे का एक धरना एवं सामूहिक उपवास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश खेड़ा ने बताया कि यह धरना सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। गिरीश खेड़ा ने बताया कि जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले को लेकर पिछले करीब एक माह से विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

### आरती राव की कार्यशैली लाजवाबः संजय राव

**महेंद्रगढ़।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की कार्यकुशलता और प्रशासनिक दक्षता की हर



तरफ प्रशंसा हो रही है। यादव सभा के लेटरपैड पर जारी एक बयान में सामाजिक कार्यकर्ता संजय राव ने कहा कि जब से आरती सिंह राव ने कार्यभार संभाला है, तब से आज तक जनहित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिससे प्रदेश की जनता को सीधा और बड़ा लाभ मिल रहा है। उनके काम करने का 24 घंटे का तरीका वाकई लाजवाब है।

### पुलिस ने नाबालिग बच्चे को परिजनों से मिलाया

**नारनौल।** पुलिस ने सूचना मिलने के महज 14 घंटे के भीतर एक गुमशुदा नाबालिग बच्चे को सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी है। यह पूरा घटनाक्रम 14 जुलाई का है, जब एक बच्चा माता-पिता द्वारा डाटे जाने से नाराज होकर सुबह करीब आठ बजे अपने घर से अचानक कहीं चला गया था।

---

*गुढ़ा केमला रेलवे प्लेटफार्म ऊंचाई के साथ बनेगा 480 मीटर लंबा*

### रेवाड़ी-बीकानेर रेलपथ पर यात्रियों को मिलेगी राहत

# 11 करोड़ की लागत से 4 रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का होगा कायाकल्प

- प्लेटफार्म छोटा तथा नीचा होने के कारण यात्रियों को रेल से उतरते व चढ़ते समय होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

रेलवे यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन की ओर से अहम कदम उठाया गया है। जिसके चलते रेवाड़ी-बीकानेर रेलपथ के अंतर्गत क्षेत्र के चार प्रमुख रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म के नवीनीकरण और विस्तार के लिए 11 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है। इस धनराशि से इन स्टेशनों के प्लेटफॉर्म की ऊंचाई, लंबाई और चैड़ाई बढ़ाई जाएगी, जिससे यात्रियों को सफर के दौरान भारी सहुलियत मिलेगी। इस बारे में डीआरएम बीकानेर गौरव गौविल ने बताया कि गुढ़ा केमला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक, कनीना खास के प्लेटफॉर्म नंबर दो, डहिना जैनाबाद के प्लेटफॉर्म नंबर दो तथा नांगल मूंदी के प्लेटफॉर्म नंबर एक ओर दो के विस्तार का कार्य किया जाएगा। जिससे यात्रियों को लाभ होगा। गुढ़ा कैमला रेलवे स्टेशन की ऊंचाई बढ़ाने के साथ-साथ उसकी लम्बाई 480 मीटर करना प्रस्तावित है। बता दें कि लंबे इन स्टेशनों पर प्लेटफार्म छोटा तथा नीचा होने के कारण यात्रियों को रेल से उतरते व चढ़ते समय परेशानियों का सामना करना पड़ता था।



कनीना। गुढ़ा केमला रेलवे स्टेशन। *फोटो : हरिभूमि*

#### यात्रियों के लिए नहीं हैं टॉयलेट की व्यवस्था

एक ओर केंद्र सरकार व राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ा रही हैं। वहीं रेलवे के अधिकारी गुढ़ा केमला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के टॉयलेट की सुविधा तक उपलब्ध करवाने में असमर्थ हैं। मंडल वाणिज्य प्रबंधक की ओर से जारी किए पत्र के मुताबिक एचजी-2 श्रेणी के इस हाल्ट स्टेशन पर यात्रियों के लिए मूत्रालय व शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान नहीं है। अधिकारियों के इस तुगलकी फरमान के चलते यात्रियों खासकर महिलाओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों व ग्रामीणों ने कहा कि 1957 से संचालित इस स्टेशन पर शौचालय बने हुए थे। जिन्हें ब्रॉडग्रेज लाइन परिवर्तित करते समय तोड़ दिया गया था।

#### सुरक्षित आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान मिल सकेगा

बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए यह काफी सुविधाजनक व जोखिम भरा सफर था। प्लेटफॉर्म की ऊंचाई ट्रेन के कोच के स्तर तक आने से गिरने या फिसलने जैसे हादसों की आशंका लगभग खत्म हो जाएगी। वहीं प्लेटफॉर्म की चैड़ाई और लंबाई बढ़ने से लंबी दूरी की 24 कोच वाली ट्रेनों के ठहराव व यात्रियों के आने-जाने में आसानी होगी। त्योहारी सीजन या भीड़भाड़ वाले समय में यात्रियों को खड़े होने और सुरक्षित आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि यह निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। 11 करोड़ की लागत से होने वाला यह बुनियादी सुधार कार्य न केवल इन चार स्टेशनों की सूरत बदलेगा, बल्कि रेलवे के ढांचागत विकास में भी एक मील का पत्थर साबित होगा।

---

### सुबह की दिनचर्या बिगड़ी, पेयजल आपूर्ति भी हुई प्रभावित

# स्विचिंग फाल्ट से 3 घंटे ठप रही शहर की बिजली, उमस में बेहाल हुए लोग

- मेडिकल कॉलेज की नई लाइन जोड़ने का कार्य भी बना वजह, अधिकारियों ने व्यवस्था सामान्य होने का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बरसात के मौसम में भी बारिश नहीं होने से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच शुक्रवार सुबह नारनौल शहर के लोगों को करीब तीन घंटे बिजली संकट का सामना करना पड़ा। सुबह करीब साढ़े छह बजे शहर की बिजली आपूर्ति अचानक बाधित हो गई, जिससे लोगों की सुबह की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई।

बिजली करीब साढ़े नौ बजे बहाल हुई, लेकिन कुछ देर बाद फिर से आपूर्ति बाधित होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। कमाल की बात यह है कि रात को भी पॉवर कट आने लगे हैं। सुबह के समय बिजली नहीं रहने से घरों में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई। मोटर नहीं चलने से लोगों को पानी भरने में दिक्कतें आईं। वहीं गर्मी और उमस के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया। पंखे और कूलर बंद होने से लोग पसीने से तरबतर नजर आए। बिजली कटौती का असर शहर के सिटी-5 फीडर क्षेत्र, रेवाड़ी रोड पर कैलाश नगर, महाराणा प्रताप नगर, आदर्श नगर, जिला नागरिक अस्पताल क्षेत्र, सीएल फार्म सहित शहर के अनेक हिस्सों में देखने को मिला। अस्पताल क्षेत्र में भी बिजली बाधित रहने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ी।

#### कई कॉलोनियों में बार-बार गुल होती रही सप्लाई



नारनौल। महेंद्रगढ़ रोड पर बना पॉवर हाउस। फोटो : हरिभूमि

#### रात को भी कट लगने से परेशानी

लोगों का कहना है कि केवल सुबह ही नहीं, बल्कि पिछले कई दिनों से रात के समय भी तीन-चार बार बिजली कट लग रहे हैं। बार-बार होने वाली ट्रिपिंग के कारण लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। उमस और मच्छरों के प्रकोप के बीच बिजली गुल होने से बुजुर्ग, छोटे बच्चे और बीमार सबसे अधिक परेशान हैं।

#### गांवों में भी रातभर लग रहे लंबे बिजली कट

शहर के साथ-साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली संकट कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय आधे-आधे घंटे से लेकर एक घंटे तक कई बार बिजली कट लग रहे हैं। इससे किसानों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की जगमग योजना के तहत 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के दावे धरातल पर पूरी तरह साकार होते नजर नहीं आ रहे हैं।

#### नई लाइन जोड़ने का कार्य जारी

बिजली निगम द्वारा कोरियावास स्थित मेडिकल कॉलेज को बिजली आपूर्ति से जोड़ने के लिए पावर हाउस में नई व्यवस्था तैयार की जा रही है। इसी कार्य के तहत शुक्रवार सुबह करीब 30 से 40 मिनट तक पावर हाउस की बिजली बंद रखी गई, जिससे शहर में अतिरिक्त समय तक बिजली प्रभावित रही। उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से वर्चुअल माध्यम से मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे। इसे देखते हुए बिजली व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

#### यह कहते हैं अधिकारी

सुबह पॉवर हाउस की मुख्य केबल में कोई फाल्ट नहीं था। नई बनाई गई स्विचिंग व्यवस्था में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण शहर की बिजली आपूर्ति बाधित हुई। फाल्ट को तुरंत ठीक कर दिया गया और अब निर्बाध बिजली आपूर्ति दी जा रही है।

**-महेंद्र सिंह**, एसएसई, पॉवर हाउस, नारनौल

---



महेंद्रगढ़। डिग्री प्राप्त करता दीपक। फोटो : हरिभूमि

## युवा शोधकर्ता दीपक ने सोशल वर्क में पीएचडी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

जिले के गांव खायरा निवासी युवा शोधकर्ता दीपक ने सोशल वर्क (सामाजिक कार्य) विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने राजस्थान के जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) उदयपुर से यह उपाधि प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से गांव खायरा में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दीपक का शोध कार्य दिव्यांग बच्चों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं मनोवैज्ञानिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर आधारित है। उन्होंने अपने शोध के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया कि दिव्यांग बच्चों को समाज में किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है तथा उनके समावेशी विकास के लिए कौन-कौन से प्रभावी उपाय अपनाए जा सकते हैं। उनके शोध में शिक्षा, पारिवारिक सहयोग, सामाजिक स्वीकार्यता, सरकारी योजनाओं की पहुंच और पुनर्वास सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का गहन अध्ययन किया गया है। उन्होंने शोध में यह निष्कर्ष प्रस्तुत किया कि यदि दिव्यांग बच्चों को समय पर उचित शिक्षा, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए तो वे भी समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

#### कठिन परिश्रम के बल पर मुकाम हासिल किया

दीपक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, शोध निर्देशक तथा परिवार के सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और उपेक्षित वर्गों के लिए कार्य करने की प्रेरणा उन्हें शुरू से ही मिलती रही, जिसके कारण उन्होंने दिव्यांग बच्चों जैसे संवेदनशील विषय को अपने शोध का आधार बनाया। गांव में दीपक के सम्मान में लोगों ने उन्हें बधाई दी और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। परिवार के सदस्यों ने कहा कि दीपक ने कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।

---

## पंजाब से जयपुर जा रहा ट्रक हाइवे की सर्विस लाइन के नाले में धंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

राष्ट्रीय राजमार्ग-148 बी पर बाबा मुकंददास गोशाला के पास एक ट्रक सर्विस लाइन के नाले में धंस गया। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने अंदर फंसे हुए चालक स्टॉफ को जेसीबी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला। चालक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक हाइवे की सर्विस रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित हो गया तथा अगले टॉयर गहरे नाले में धंस गया। लोडिंग माल के दबाव से ट्रक की बॉडी तथा अगला हिस्सा बिखर गया, नजदीक खड़े लोगों ने तत्परता पूर्वक 112 पर पुलिस को सूचना दी तथा बचाव की प्रक्रिया में जुट गए। घटना स्थल पहुंची पुलिस ने जेसीबी का प्रबंध करके ट्रक के मलबे को हटाया। करीब एक घंटे तक अथक प्रयास करके चालक व परिचालक को सुरक्षित बाहर निकाला। लोगों ने बताया कि हाइवे के निकासी प्वाइंट से ही ट्रक सड़क पर इधर-उधर लुढकने लग गया था, तथा 100 मीटर की दूरी में अनियंत्रित होकर नाले में धंस गया। पुलिस टीम ने घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार चालक की हालत खतरे से बाहर है और उसे सामान्य चोटें आई हैं। थाना इंचार्ज पवन कुमार ने चालकों को लंबी दूरी की यात्रा के दौरान पर्याप्त आराम करने के बाद ही वाहन चलाने का आह्वान किया है। थोड़ी-सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है, जबकि सतर्कता बरतने से ऐसे हादसों को आसानी से टाला जा सकता है।



नांगल चौधरी। हाइवे की सर्विस के नाले में धंसा अनियंत्रित ट्रक। फोटो : हरिभूमि

### नांगल काठा में युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नारनौल।** गांव नांगल काठा में एक 21 वर्षीय युवक ने नीम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान धर्मेंद्र (21) पुत्र कैलाश चंद, निवासी गांव नानगवास, जिला मांडन (राजस्थान) के रूप में हुई है। वह पिछले तीन दिनों से अपने मामा के घर गांव नांगल काठा आया हुआ था। बताया गया है कि बुधवार-गुरुवार की रात धर्मेंद्र ने गांव निवासी पवन के खेत में स्थित नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

## पॉलिटेक्निक के 4 विद्यार्थियों का बीएसईएस में जूनियर इंजीनियर पद पर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक ने एकबार फिर उत्कृष्ट प्लेसमेंट के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के चार विद्यार्थियों का चयन बीएसईएस राजधानी पावर (दिल्ली) में जूनियर इंजीनियर (जेई) पद पर 4 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से संस्थान में हर्ष का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों को संस्थान में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान नियुक्ति पत्र (ऑफर लेटर) प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, नारनौल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना और उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है।



नारनौल। प्रधानाचार्य से चयन कॉपी प्राप्त करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बिजली बिल समाधान शिविर आज

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रणबीर सिंह ने बताया कि 17 जुलाई को उपभोक्ताओं की बिजली बिल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष सुनवाई शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर बिजली बोर्ड के मंडल कार्यालय में सुबह 11:30 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा, जिसमें शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ता अपनी बिजली बिल संबंधी समस्याएं दर्ज करवा सकेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### दुकान का ताला तोड़कर ऑटो पार्ट्स चोरी

**कनीना।** शहर में एक दुकान का ताला तोड़कर गाड़ी के पार्ट्स चोरी होने की घटना सामने आई है। रेवाड़ी के हरीश कुमार ने बताया कि उसकी कनीना-महेन्द्रगढ़ रोड पर रेवाड़ी डीजल सर्विस नाम से दुकान है। जिसमें रात के समय अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए इस सामान की कीमत 7000 रुपये आंकी गई है। सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

---

### न मिला सीसीटीवी कैमरा, न ही बसों का प्रदूषण प्रमाण पत्र अपडेट

# सुरक्षा नियमों में लापरवाही, स्कूल बसों पर कार्रवाई

- स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कनीना क्षेत्र में पहले हो चुकी बस दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए अब परिवहन नियमों का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। इसी के तहत खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम लता के मार्गदर्शन में सहायक क्षेत्रीय परिवहन विभाग (आरटीए) ने मंडी अटेली क्षेत्र में निजी स्कूलों की बसों का औचक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान कुल 59 स्कूल बसों की जांच की गई। एआरटीओ बृजभूषण के नेतृत्व में टीम ने बसों की सुरक्षा व्यवस्था, आपातकालीन निकास, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और अन्य जरूरी सुविधाओं की गहन जांच की। इसके अलावा हरियाणा रोडवेज के तकनीकी विशेषज्ञों ने वाहनों की फिटनेस और तकनीकी स्थिति को भी परखा। निरीक्षण के दौरान कई बसों में नियमों की अनदेखी सामने आई। कुछ वाहनों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे जबकि कई बसों के प्रदूषण प्रमाण-पत्र भी अपडेट नहीं मिले। ऐसे मामलों में विभाग ने तुरंत चालान कर सख्त संदेश दिया। वहीं जिन बसों में मामूली कमियां पाई गईं, उन्हें मौके पर ही दूर करने के निर्देश दिए गए।



मंडी अटेली। अटेली अनाज मंडी में वाहनों के पेपरों की जांच करते हुए।

#### बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहींः बृजभूषण

एआरटीओ बृजभूषण ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्कूल संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करें और बसों के कागजात समय-समय पर अपडेट रखें। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।